पूर्व मध्य रेलवे
(निर्माण संगठन)

कार्यालय,
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)
पूमरे/महेन्द्रूघाट/पटना

- **All Chief Engineers/Con/ECR/MHX, Patna.**
  (NE, NC, Central, Planning, North, SE, NW, SD, South & GB).
- **CSTE/Con/ South & North/ECR/MHX, Patna.**
- **CEE/Con/MHX, Patna.**
- **All Dy. CEs/Con/ MHX, Patna (North, South, TS, Design, General, ROB, PM, & Survey)**
- **All Dy. CEs/Con Of Field Units,**
  (DNR, RGD, MGS, BRKA, DHN, Renukut, Chopan, Singrauli, HZME-I & II, Hajipur-I & II, Bettiah, NKE SPJ-I, II, III & IV, & Muzaffarpur).
- **Dy. CSTE/HQ, North, North-II, South/MHX/Patna & DNR, DHN, CPU & SPJ, SPJ-II.**
- **Dy. CEE/Con/MHX/Patna/ South & North/MHX, North (SPJ), & CPU.**
- **Dy. CME, Dy. CE & Dy. CEE/GLP/Patna.**
- **SMM/Con/MHX, Patna.**

विषयः–मुख्य सतर्कता निरीक्षक, पे बैंड रू. 9300–34800, ग्रेड पे 4600/– संशोधित वेतनमान 44,900–1,42,000 (लेवल–7) के एक्स कैडर पद को भरने हेतु चयन की अधिसूचना जारी करने के संबंध में।
संदर्भः–महाप्रबंधक/सतर्कता/बरेका/वाराणसी का पत्र सं.:– म0प्र0/सत0/31 (मु.सत.निरी.),
दिनांकः–08.03.2022

विषयांकित से संबंधित संदर्भित पत्र की छायाप्रति सूचना एवं अग्रेत्तर आवश्यक कार्रवाई हेतु इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

A copy of above referred letter on the subject matter is being forwarded herewith for information and needful onward action please.

संलग्नक–यथोपरि।

DA: As above.

Digitally Signed by Alok Srivastava
Date: 29-03-2022 15:37:37
Reason: Approved

(आलोक श्रीवास्तव)
वरिष्ठ वाणिज्यिक अधिकारी/निर्माण
कृते मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण

Copy to:-

1) Secy. to CAO/Con/South for kind information of CAO/C/South.
2) Secy. to CAO/Con/North for kind information of CAO/C/North.
3) Secy. to CAO/Con/GLP for kind information of CAO/C/GLP.
4) CA/Personnel - for uploading on WEBSITE of Construction Organisation.
5) Ch. OS/R & D/Pers,/Con/MHX

1139518(8)/2022/O/o Dy.CVO/Store/HQ/ECR

महाप्रबंधक (सतर्कता) कार्यालय
Office of the G.M. (Vigilance)
पूर्व मध्य रेल/East Central Railway
15 MAR 2022
हाजीपुर/Hajipur-844101

बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी - 221004 (उ.प्र.)

सं.- म0प्र0/सत0/31(मु.सत.निरी.)

कार्यालय: म0प्र0/सतर्कता
बरेका, वाराणसी: 221004
दूरभाष: 0542-2271853
ईमेल: dycvo@dlw.railnet.gov.in
दिनांक: 08.03.2022

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी,
प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, प्रमुख मुख्य अभियंता,
बरेका / वाराणसी।

वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक / मुख्य सतर्कता अधिकारी,
सभी क्षेत्रीय रेलवे, उत्पादन इकाइयों,
मेट्रो रेलवे/कोलकाता, आर.डी.एस.ओ./लखनऊ, कोर/प्रयागराज।

विषय- मुख्य सतर्कता निरीक्षक, पेबैंड रु. 9,300-34,800, ग्रेडपे- 4,600/- संशोधित वेतनमान 44,900-1,42,400/- (लेवल-7) के एक्स कैडर पद को भरने हेतु चयन की अधिसूचना जारी करने के संबंध में।

उप मुख्यालय/ सेक्शन, मंडल & विद्युत
भी- 2, 4, & 5

सतर्कता विभाग, बरेका में मुख्य सतर्कता निरीक्षक के पद के विरुद्ध एक (01) पद के चयन हेतु अधिसूचना जारी किया जाता है। इस एक्स कैडर टैन्योर पद को भरने हेतु कार्यरत शारीरिक एवं मानसिक रुप से पात्र, दक्ष एवं इच्छुक कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं जिसकी योग्यता एवं अन्य विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.स.	पदनाम	पे बैड एंव ग्रेड पे	पद की संख्या
1.	मुख्य सतर्कता निरीक्षक	9,300-34,800/- ग्रेडपे- 4,600/- (संशोधित लेवल-7)	01

2. **चयन हेतु अर्हता / पात्रता-**

क) मुख्य सतर्कता निरीक्षक, पे बैंड रु - 9,300-34,800 ग्रेड पे- 4,600 संशोधित वेतनमान 44,900 - 1,42,400/- (लेवल- 7) के पद हेतु वेतनमान पे बैंड रु 9,300-34,800 ग्रेड पे- 4,600/- (लेवल- 7) एवं ग्रेड पे- 4200/- (लेवल- 6) में दो वर्ष सेवा पूर्ण कर चुके कार्यरत कर्मचारीगण आवेदन कर सकते हैं।

ख) शैक्षणिक योग्यता के रुप में ग्रेजुएट या डिप्लोमा होल्डर होने पर ही चयन में बुलाने योग्य माना जायेगा।

ग) अधिसूचना जारी होने की तिथि को रेलवे में कम से कम 05 वर्ष की सेवा पूर्ण होनी चाहिये तथ कम से कम 06 वर्ष की सेवा शेष होनी चाहिये।

घ) सतर्कता / सी.बी.आई. के द्वारा सेवा के दौरान कर्मचारी को कभी भी कोई शास्ति आरोपित न की गयी हो।

ड) रेल सेवा आचरण नियम एवं रेल सेवक अनुशासन एवं अपील नियम का अच्छा ज्ञान होना चाहिये।

च) अच्छे / उत्कृष्ट सर्विस रिकार्ड वाले उम्मीदवार को चयन में प्राथमिकता दी जा सकती है।

छ) जो उम्मीदवार कम्प्यूटर प्रशिक्षित या कम्प्यूटर एवं कार्य-निविदा (Works Contract) एवं ठेका का ज्ञान रखते हों, उन्हें चयन में प्राथमिकता दी जा सकती है।

ज) लिखित परीक्षा हेतु सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अंग्रेजी, संगणक ज्ञान जॉच, निविदा संबंधी ज्ञान इत्यादि की भी परीक्षा ली जायेगी।

झ) उम्मीदवार का यदि कोई रिश्तेदार बरेका अथवा सतर्कता विभाग, बरेका या अन्य क्षेत्रीय रेलवे एवं उत्पादन इकाइयों में कार्यरत है तो उनके पदनाम आदि का विवरण देना होगा। यधपि यह उम्मीदवार के लिये अयोग्यता नहीं होगी, यह विवरण केवल रिकार्ड के लिये रखा जायेगा।

ञ) मुख्य सतर्कता निरीक्षक का पद एक्स कैडर सावधिक पद है लेकिन, प्रशासनिक आधार पर इसकी पदावधि बढ़ायी जा सकती है। प्रशासन को यह भी अधिकार होगा कि बिना कोई कारण बताये निर्धारित अवधि से पहले भी उनके मूल कैडर में वापस भी किया जा सकता है।

ट) चयन के उपरान्त चयनित उम्मीदवार का अस्वीकृति विकल्प (Refusal to join vigilance organization) स्वीकार नहीं किया जायेगा।

ठ) जो कर्मचारी पूर्व में क्षेत्रीय रेलवे/ रेलवे बोर्ड / उत्पादन इकाई में सतर्कता विभाग में सतर्कता निरीक्षक /अन्वेषण निरीक्षक के पद पर अपना निर्धारित कार्यकाल पूरा कर चुके है, आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

ड) आशुलिपिकीय कैडर के कर्मचारी इस पद हेतु नियमानुसार योग्य/पात्र नहीं हैं।

3. चयन प्रक्रिया-

3.1 उम्मीदवारों के चयन हेतु लिखित परीक्षा, सतर्कता अभिरुचि एवं संगणक ज्ञान परीक्षा तथा मौखिक साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा, जिसके लिये उम्मीदवारों को यथासमय सूचित कर दिया जायेगा। चयन के लिए अंकों का वितरण निम्नवत् है।

क्र.सं.	शर्तें (Creteria)	अंकों का वितरण (Distribution of Marks)
1	लिखित परीक्षा (Written Examination)	50
2	सतर्कता अभिरुचि एवं संगणक ज्ञान परीक्षा (Vigilance Aptitude & Computer Knowledge Test)	30
3	गत तीन वर्षो का वार्षिक गोपनीय रपट (APARs for the last 3 Years.) [OS-5, VG-4, GD-3 & Average-2]	15
4	शैक्षणिक योग्यता (Academic Qualification) [Engg. Degree/PG-5, Diploma in Engg. /Graduate-3 & Under Graduate-1]	05
	कुल	100

अभ्यर्थी जो लिखित परीक्षा (Written Examination) में 60% (प्रतिशत) अंक प्राप्त करते हैं, वे सतर्कता अभिरुचि एवं संगणक ज्ञान परीक्षा (Vigilance Aptitude & Computer Knowledge Test) में सम्मिलित होने हेतु बुलाये जायेंगें।

नोट- इस चयन हेतु सामान्य चयन के नियम लागू नहीं होगें।

3.2 भारतीय रेल सतर्कता नियमावली - 2018 के पैरा 821.5 के अनुसार सतर्कता निरीक्षकों के चयन के संबंध में नियमित चयन पदों के लिए सामान्य स्थापना नियम लागू नहीं है।

1139518(8)/2022/O/o Dy.CVO/Store/HQ/ECR

3.3 योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन पत्र दिये गये प्रारुप में संबधित विभाग के नियंत्रक अधिकारी द्वारा जांचोपरान्त कार्मिक विभाग को प्रेषित किया जाना चाहिये तथा कार्मिक विभाग द्वारा सभी आवेदन पत्र बंद लिफाफे में मुख्य सतर्कता अधिकारी, प्रशासन भवन, बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी-221004 (उ.प्र.) को प्रेषित किया जाना चाहिये। सभी आवेदन पत्र समयानुसार दिनांक 10/04/2022 तक इस कार्यालय में प्रेषित किया जाये। विलम्ब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

4. **आवेदन पत्र भेजने से पूर्व कृपया निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें-**

4.1- आवेदन पत्र के सभी कालम पूर्ण रुप से एवं सही भरे होने चाहिये तथा नियंत्रक अधिकारी से सत्यापित होने चाहिये। एडवांस प्रति केवल सूचनार्थ हेतु भेजी जा सकती है परन्तु नियंत्रण अधिकारी द्वारा सत्यापित समय पर प्राप्त आवेदनों पर ही अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। अधूरी जानकारी होने पर आवेदन पत्र रद्द / निरस्त कर दिये जायेंगें।

4.2. निर्धारित योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों का आवेदन ही अग्रेषित किया जाये।

4.3. निर्धारित तिथि के पश्चात् इस कार्यालय में प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

5. मुख्य सतर्कता निरीक्षक का पद एक्स. कैडर पद है। सतर्कता विभाग में इस पद पर चयनित उम्मीदवार का वरीयता एवं लियन मूल कैडर में ही बना रहेगा। इस पद के चयन में आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिये आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है।

नोट- 1. मुख्य सतर्कता निरीक्षक के रुप में चयनित उम्मीदवार को एक लिखित प्रतिज्ञा देनी होगी कि सतर्कता विभाग में चयन से 04 साल के अंदर भी यदि आवश्यकता हुई तो उन्हें वापस कर दिया जायेगा या यदि पद समाप्त हो जाये तो भी वापस कर दिया जायेगा।

2. बाह्य रेलवे उम्मीदवारों को एक लिखित प्रतिज्ञा देनी होगी कि उनके चयन होने की स्थिति में उनका चयन रेलवे बोर्ड के पत्र क्रमांक 2016/V-I/Insp/1/3 (RBV No. 05/2016) दिनांक 27/07/2016 में जारी शर्तों के अध्याधीन होगा।

6. विभागों में इस अधिसूचना का विस्तृत प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए।

7. अधिसूचना जारी करने हेतु पत्र एवं Annexure A के रुप में आवेदन पत्र का प्रारुप संलग्न है।

8. अधिसूचना जारी करने की तिथि से **दिनांक 10/04/2022 तक** आवेदन प्राप्ति की समय-सीमा निर्धारित की जाये।

संलग्नक- आवेदन पत्र का प्रारुप (अनुलग्नक- A)

(आर.के. सिंह)
उप मुख्य सतर्कता अधिकारी

1139518(8)/2022/O/o Dy.CVO/Store/HQ/ECR

अनुलग्नक- A

मुख्य सतर्कता निरीक्षक, पेबैण्ड-9,300-34,800/- ग्रेडपे- 4,600/-(संशोधित लेवल-7)के पद हेतु आवेदनपत्र सह बायोडाटा।

1. पूरा नाम एवं पिता का नाम :
2. पदनाम एवं कर्मचारी सं0 :
3. कार्यस्थल, विभाग एवं रेलवे (दूरभाष / मोबाइल नम्बर सहित) :
4. जन्म तिथि एवं नियुक्ति की तिथि :
5. पे बैण्ड/ ग्रेड पे /लेवल /मूल वेतन (i) :

   (ii) एम.ए.सी.पी. (यदि प्रदान की गई हो)
6. शैक्षणिक योग्यता :
7. तकनीकी ज्ञान (यदि कोई हो) :
8. क्या आप अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित हैं :
9. क्या आप पूर्व में सतर्कता विभाग में कार्य कर चुके है :

   (यदि हॉ तो विस्तृत जानकारी दें)
10. कार्य करने का अनुभव :

ग्रेड	वर्ष (समयावधि)	कार्य का संक्षिप्त विवरण

11. क्या वर्तमान में D&AR/SPE/VIG केस लम्बित है :
12. (क) वर्तमान/पूर्व के सतर्कता/सी.बी.आई. प्रकरणों में अधिरोपित शास्तियों का विवरण :

    (ख) वर्तमान / पिछले 10 वर्ष के दौरान विभागीय /सतर्कता प्रकरणों में अधिरोपित शास्तियों का विवरण:
13. क्या आपका कोई संबंधी बरेका या सतर्कता विभाग में कार्यरत है :
    (यदि हॉ तो विस्तृत ब्यौरा दें)
14. अधिसूचना की तिथि को पूर्ण की गई रेल सेवा की कुल अवधि व शेष अवधि:

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरा/मेरी जानकारी के अनुसार पूर्ण तथा सत्य है एवं आवेदित पद के लिए सभी अर्हताएं पूर्ण करता/करती हूँ एवं गलत पाये जाने पर मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकता है तथा मेरे ऊपर D&AR कार्यवाही भी की जा सकती है। मुझे यह भी ज्ञात है कि सतर्कता शाखा में चयन से 04 साल के पूर्व भी यदि आवश्यकता हुई तो मुझे वापस कर दिया जायेगा या यदि पद समाप्त हो जाये तो भी वापस कर दिया जायेगा। मेरा चयन होने की स्थिति में रेलवे बोर्ड के पत्र क्रमांक 2016/V-I/Insp/1/3 (RBV No. 05/2016) दिनांक 27.07.2016 में जारी शर्तों मुझे मान्य है।

प्रतिहस्ताक्षर/नियंत्रक अधिकारी

अभ्यर्थी / उम्मीदवार का हस्ताक्षर

विभागाध्यक्ष का संस्तुति

अनुसंशित/अनुसंशित नहीं (कृपया निशान लगाये)

विभागाध्यक्ष का हस्ताक्षर
नाम एवं मुहर सहित